सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 316 | इंदौर, शुक्रवार 26 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Atiq Ashraf Murder: चालीसवें पर अतीक-अशरफ को एक फूल तक न नसीब हुआ, सूनी पड़ी रहीं कब्रें, घर पर भी रहा सन्नाटा
2. New Parliament Building: नए संसद भवन के उद्घाटन पर 75 रुपए का सिक्का जारी करेगी सरकार, जानिए क्या है इसमें खास
3. क्वांटम विश्वविद्यालय सीयूईटी पंजीकृत: यूजी, पीजी एवं अन्य प्रोग्राम्स में 1 लाख से अधिक छात्रों ने किया आवेदन
4. Sengol: असम सीएम बोले- वामपंथियों ने हिंदू परंपराओं की उपेक्षा की, सेंगोल को 'चलने वाली छड़ी' की तरह दिखाया
5. Meta Layoff: मेटा ने भारत में लीगल और मार्केटिंग डायरेक्टर को नौकरी से निकाला, 6,000 लोगों की हो सकती है छंटनी
6. Uttarakhand: खटीमा में शारदा नदी में गिरी कार, तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत, पुलिस ने शवों को निकाला बाहर

## मप्र की पावर मैनेजमेंट कंपनी के सर्वर पर

# सायबर अटैक

### इंटरनेट ठप, खतरे में अकाउंट, पुलिस तक पहुंची शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर/भोपाल। मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी (पीएमसी) के सर्वर पर साइबर अटैक हुआ है। इससे कंपनी के ऑफिस में इंटरनेट बंद हो गया। ऑनलाइन मोड कंपनी का कोई कामकाज नहीं हो पा रहा है। कंपनी के अकाउंट को भी खतरा हो गया है। इसके अलावा बिजली की खरीदी और बेचने की जानकारी लीक होने का भी अंदेशा है। चार दिन से कंपनी की आईटी सेल मामले का पता लगाने में जुटी है, लेकिन उसके हाथ कोई पुख्ता जानकारी नहीं लगी है।**

कंपनी द्वारा इसके बाद जबलपुर के गोरखपुर पुलिस थाने में इस मामले की शिकायत की गई है। शिकायत में भी सर्वर पर साइबर अटैक होने का जिक्र किया गया है। शिकायत के बाद पुलिस तफ्तीश में जुट गई है। पीएमसी के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सर्वर का उपयोग किया जाता है।




इसमें अकाउंट, बिजली खरीदी-बिक्री, मानव संसाधन, स्थापना समेत अन्य कई काम किए जाते हैं। कंपनी के सर्वर को अचानक मंगलवार हैकर्स के द्वारा हैक कर लिया गया। सर्वर के हैक होते ही कंपनी का पूरा सिस्टम ठप हो गया है। गौरतलब है कि प्रदेश की एक और बिजली कंपनी मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी अपने सिस्टम को साइबर अटैक से पहले ही सुरक्षित कर चुकी है।

### पी-3 सर्वर में गड़बड़ी से सभी काम बंद

"कंपनी के सर्वर में गड़बड़ी के चलते किसी भी प्रकार के काम नहीं हो पा रहे हैं। मानव संसाधन से लेकर सारे काम प्रभावित हो रहे हैं। सर्वर में तकनीकी खराब होने की जानकारी आईटी विभाग ही दे सकता है।

**- राजीव गुप्ता, सीजीएमए एचआरए, पीएमसी**

"एमपीपीएमसी के द्वारा थाने में एक शिकायत दी गई हैइ्, इसमें कंपनी के सर्वर को हैक करने की बात बताई गई है। साइबर सेल के जरिए मामले की जांच की जा रही है।

**- अरविंद चौबे, टीआई गोरखपुर, जबलपुर**

"इंटरनेट की उपलब्धता न मिलने पर जांच की गई तो साइबर अटैक का मामला सामने आया है। जांच की जा रही है एवं जल्द ही सुधार कार्य कर लिया जाएगा।

**- रीता खेत्रपाल, सीजीएम आईटी, पीसीएम**

## प्रदेश में नौतपा बेअसर : आंधी से पेड़ गिरे, कई जगह बिजली गुल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में नौतपा की शुरुआत कमजोर रही। पहले दिन पारा 4.5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। गुरुवार-शुक्रवार की रात आंधी चली। शुक्रवार सुबह भी तेज हवाएं चलती रहीं। इससे कई जगह बिजली गुल होने और पेड़ गिरने की सूचना है। दिन में भी मौसम की ऐसा ही रह सकता है। मौजूदा सिस्टम का असर कम होने के कारण बारिश के आसार भी कम हैं, लेकिन 29 मई से फिर एक सिस्टम एक्टिव फिर हो रहा है। इससे जून की शुरुआत भी आंधी-बारिश से ही होगी। बता दें, मार्च, अप्रैल और मई में प्रदेश में आंधी, ओलावृष्टि और बारिश हुई है। वहीं, जून से मानसून की एंट्री हो जाएगी।

विरष्ठ मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि उत्तरी भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है, लेकिन इसकी अप्रोच कम है। यानी, मध्यप्रदेश में असर ज्यादा नहीं है। इस कारण गुरुवार को बारिश नहीं हुई। शुक्रवार को भी दोपहर तक मौसम साफ रहेगा। इसके बाद बादल छाएंगे, लेकिन बारिश होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। 29 मई को एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आ रहा है। इसमें बारिश हुई। यह जून के पहले सप्ताह तक एक्टिव रह सकता है।

10 साल में 7 बार हुई बारिश

पिछले 10 साल में नौतपा के दौरान सात बार बारिश हुई। भोपाल समेत प्रदेश के कई हिस्सों में पानी बरसा। इस बार भी नौतपा के दौरान बारिश होने के आसार है।



### नौतपा के पहले दिन गर्मी गायब, पारा लुढ़का

इससे पहले गुरुवार को नौतपा के पहले दिन मध्यप्रदेश में कम गर्मी रही। ज्यादातर शहरों में पारे में 2 से 4.5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई। भोपाल में पारे में 2.9 डिग्री की कमी देखने को मिल और यहां तापमान 38.8 डिग्री पर पहुंच गया। ग्वालियर में 38 डिग्री रहा और 2.5 डिग्री की गिरावट हुई। इसी तरह इंदौर में पारा 37.4 डिग्री पर पहुंच गया, जबकि एक दिन पहले तापमान 38.6 डिग्री था। जबलपुर में पारा 39.3 डिग्री रहा, जो एक दिन पहले 41.8 डिग्री था। चार दिन से सबसे गर्म खजुराहो में पारे में 4.5 डिग्री की गिरावट हुई। यहां गुरुवार को तापमान 40.5 डिग्री रहा। गुरुवार को नरसिंहपुर में सबसे ज्यादा 43.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा, जबकि सबसे कम 32.2 डिग्री रहा।

### भोपाल में रात में चली आंधी, कई कॉलोनियों की बिजली गुल

राजधानी भोपाल में रात 3 बजे के बाद आंधी चली। करीब 2 घंटे तक मौसम बदला रहा। इसके साथ हल्की बारिश भी हुई। आंधी और बारिश के चलते शहर की कई कॉलोनियों में बिजली गुल हो है और वे अंधेरे में डूब गई। कुछ जगहों पर पेड़ गिरने की सूचना भी आ रही है। वहीं विदिशा, सीहोर और मंदसौर में आंधी चलने से पूरे शहर की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई थी।

### मई के आखिरी सप्ताह में भी गर्मी कम

मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि मार्च से मई तक प्री-मानसून एक्टिविटी रहती है। मार्च और अप्रैल के बाद मई में भी बारिश, ओले और तेज हवा का दौर चल रहा है। मौजूदा सिस्टम को देखते हुए पूरे मई माह में मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान है। आमतौर पर मई के आखिरी दिनों में तेज गर्मी पडऩे का ट्रेंड है। पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डाले तो ग्वालियर में 47 और भोपाल में पारा 46 डिग्री के पार पहुंच जाता है। इंदौर, जबलपुर-उज्जैन समेत बाकी शहर भी गर्म रहते हैं, लेकिन अबकी बार पारा 40-42 डिग्री के आसपास ही है। सिर्फ खजुराहो-टीकमगढ़ ही गर्म है। पचमढ़ी सबसे ठंडा है। यहां पारा 32.2 डिग्री तक पहुंच गया है।

# निजी हाथों में नहीं जाएगा गांधी हॉल का रखरखाव और संचालन

## महापौर बोले रखरखाव के लिए शहर के गणमान्य लोगों को बुलाकर चर्चा होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की ऐतिहासिक धरोहर 119 वर्ष पुराना गांधी हॉल निजी हाथों में नहीं सौंपा जाएगा। नगर निगम खुद इसका रखरखाव और प्रबंधन करेगा। इसमें शहर के प्रबुद्धजन का सहयोग भी लिया जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि भविष्य में स्मार्ट सिटी कंपनी गांधी हॉल के रखरखाव और प्रबंधन को लेकर कोई फैसला नहीं लेगी।**

गांधी हॉल को निजी हाथों में सौंपे जाने का इंदौर की जनता और प्रबुद्धजन पुरजोर विरोध कर रहे थे। आठ बार की सांसद और लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने भी घोषणा की थी कि जनता विरोध करेगी तो मैं भी साथ दूंगी।

इस संबंध में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा की गांधी हॉल इंदौर की ऐतिहासिक धरोहर है उस को सुंदर बनाने के लिए उसका पुनर्निर्माण स्मार्ट सिटी ने किया है ।उसकी देखरेख कैसे होगी और उसकी देखरेख कौन करेगा ,यह शहर के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक जनता के प्रतिनिधि, पत्रकार बंधु ,सबसे राय मशवरा करके हम करेंगे अभी जो भी प्रयास उसको किसी निजी हाथों में मेंटेनेंस की दृष्ठि से हो रहे थे तो तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए है।

### गांधी हाल को ठेके पर नहीं देने का फैसला स्वागत योग्य

विधायक संजय शुक्ला ने महापौर के द्वारा गांधी हाल को ठेके पर नहीं देने की घोषणा का स्वागत किया है । उन्होंने कहा कि मेरे जन्मदिन के दिन महापौर के द्वारा इंदौर शहर को यह जो उपहार दिया गया है उसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं । शुक्ला ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि शहर की जनता में गांधी हाल को ठेके पर देने के निगम के फैसले के खिलाफ माहौल तैयार हो गया था । कांग्रेस की ओर से हमने जनआंदोलन शुरू करने का ऐलान कर दिया था । इस स्थिति के बीच में चाहे घबराहट में ही सही लेकिन महापौर के द्वारा गांधी हाल को ठेके पर नहीं देने का जो फैसला लिया गया है वह स्वागत योग्य है । मेरे जन्मदिन के दिन महापौर के द्वारा दिए गए इस उपहार के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं । उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक धरोहर को संचालन संधारण के नाम पर निजी क्षेत्र को सपने का जो प्रयास किया गया वह घोर आपत्तिजनक है । अब आवश्यक यह है कि महापौर के द्वारा उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए जिनके द्वारा यह इतना बड़ा फैसला लेकर उसके क्रियान्वयन की दिशा में काम किया गया ।

देश के सबसे बड़े रियल एस्टेट सिटी कन्वेंशन का भव्य आयोजन ...

# स्वच्छता से लेकर स्वाद और सार्थक आयोजन के लिए मिली खास प्रशंसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जमीन पर आकार लेने वाले सपनों को पूरा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं रियाल्टर्स। रियल एस्टेट का क्षेत्र बाहर से जितना ग्लैमरस दिखता है, उतनी ही ज्यादा मेहनत भी मांगता है। निरन्तर समय के साथ अपडेट रहना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट्स पर काम करना, क्लाइंट्स की पसंद और मांग के मुताबिक समाधान प्रस्तुत करना और समय के हिसाब से बदलती चुनौतियों का सामना करना, एक रियाल्टर की जिंदगी का हिस्सा होता है। इन सभी पहलुओं पर सार्थक चर्चा करने,**

समाधानों पर बात करने और रियाल्टर्स को लाइफ से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मंत्र देने के लिए शहर में किया गया, देश के सबसे बड़े रियल एस्टेट सिटी कन्वेंशन बीइंग रियाल्टर का आयोजन। इंदौर रियाल्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन व नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियाल्टर्स-इंडिया द्वारा ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में इस आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा देशभर से आये रियाल्टर्स, ख्यातनाम मोटिवेशनल स्पीकर्स और सभी अतिथियों ने की।

कार्यक्रम के पहले सत्र में चेयरमैन रवि वर्मा, चेयरमैन भूपेंद्र जोशी, वाइस चेयरमैन शैलेंद्र दरड़ा, ट्रेजरार श्री नीरव शाह व बोर्ड मेम्बर सुमित गुप्ता ने दीप प्रज्वलन के साथशुभारम्भ किया। दूसरे सत्र में प्रेजिडेंट शिव कुमार, प्रेसिडेंट अरविंद गुप्ता, सेक्रेटरी पियूष भंडारी, जॉइंट सेक्रेटरी अर्पित जोशी व वाइस प्रेसिडेंट देवेश पाहवा ने दीप प्रज्वलित किये।

इस अवसर पर मौजूद अतिथियों को सम्बोधित करते हुए गौर गोपाल दास ने कहा कि रियाल्टर्स के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा होनी चाहिए धरती, जिससे उनका काम जुड़ा है। जिस तरह धरती धैर्य और विनम्रता के साथ मजबूती से अपने ऊपर आकार ले रहे वृक्षों को पोषित करती है। उसी तरह रियाल्टर्स को भी निर्माण कार्यों के दौरान वही धैर्य, विस्तृत सोच और मजबूती रखनी चाहिए। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. उज्ज्वल पाटनी ने रियाल्टर्स को व्यवसाय के साथ ही जीवन में भी सफलता पाने के लिए टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनली सफल होने के लिए विस्तृत और दूरदर्शी सोच का होना जरूरी है।

### मर्सिडीज से दोने वाली रबड़ी खाने जाते हैं इंदौरी-विजयवर्गीय

बीइंग रियल्टर; रियल एस्टेट सिटी कन्वेंशन कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने एक बार फिर इंदौर में बढ़ रही नशाखोरी का मामला उठाया। वे इस आयोजन में वर्चुअली शामिल हुए। बोले- इंदौर में सात्विक नाइट कल्चर 50 साल पुराना है। हम लोग परिवार के बुजुर्गों के साथ दोने में रबड़ी खाने सराफा जाते थे। सराफा की पतली गलियों की पहचान आज भी है। लोग वहां मर्सिडीज से दोने में रबड़ी खाने जाते हैं। लेकिन आज के नाइट कल्चर में नशा और मॉडर्न लाइफ स्टाइल है। इंदौर की पहचान स्वच्छता में है। इंदौर के लोगों के संस्कार ऐसे हैं। यहां जितने भी मेहमान आए हैं 56 दुकान सराफा भी जाए।

#### ● हर शहर को अपनी बनानी चाहिए लोकल आइंडेडिटी- महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि 10 साल पहले भारत की जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा होती थी। भारत को गांव में बसने वाला देश कहा जाता था लेकिन 2050 तक भारत शहरों की आबादी वाला शहर होने वाला है। महापौर ने कारोबारियों को कहा कि रियल एस्टेट को प्रमोट कीजिए। इंदौर ने स्वच्छता के मामले में देश में उदाहरण प्रस्तुत किया है। हर शहर को अपनी एक लोकल आइंडेडिटी बनानी चाहिए। चाहे वह इन्वेस्टमेंट हो, इण्डस्ट्रिलाइजेशन हो, स्कूल-कॉलेज हो।

# कंपनी ने मेडिक्लेम देने से किया इनकार,न्यायालय से मिला न्याय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर किसी भी अनहोनी अथवा दुर्घटना की संभावना या बीमारी को देखते हुए अधिकांश लोग बीमा और मेडिक्लेम कराते हैं लेकिन कंपनी वालों की मनमानी के चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया ।**

मदीना नगर के रहने वाले मोहम्मद इमरान खान ने बजाज एलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी की मेडिक्लेम पॉलिसी ले रखी थी किसी कारण से बीमारी के चलते इकराम खान को 31 जुलाई 2022 को परिजनों ने उन्हें लक्ष्मी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां 8 अगस्त 2022 तक उनका उपचार चिकित्सकों ने किया और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद श्री मोहम्मद इमरान खान ने नियमानुसार अपने बालक इकराम खान के इलाज के खर्च का बिल क्लेम के लिए कंपनी में लगाया । लेकिन कंपनी वालों ने क्लेम देने से इंकार कर दिया और साथ ही यह भी कहा कि हमसे आप इस बारे में कोई जानकारी नहीं मांगी जाए श्री खान ने बताया कि कई बार प्रयास करने के बाद भी जब कंपनी ने क्लेम पास नहीं किया तो मैंने बीमा लोकपाल कार्यालय भोपाल (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) न्यायालय में बजाज एलायंस जनरल इंश्योरेंस के विरुद्ध केस लगाया यहां पर सम्मानीय न्यायालय ने 100504 /-का पुरस्कार देकर राहत पहुंचाई।

### स्वस्थ जीवनशैली और मोटापे पर वर्कशॉप 27 को

**इंदौर।** युवाओं में तेजी से फैल रही मोटापे की गंभीर समस्या और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के फायदों पर शनिवार 27 मई 2023 को युवतियों के लिए रेसीडेंसी क्लब में डॉ संदीप जुल्का एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन करेंगे। इस वर्कशॉप का उद्देश्य युवतियों को स्वस्थ जीवनशैली का महत्व समझाना और मोटापे के कारण, उससे जुड़ी समस्याओं और समाधान पर खुलकर बात करना है। इस एकदिवसीय वर्कशॉप में युवतियों को सही खानपान, नियमित शारीरिक गतिविधियाँ और व्यायाम, वजन बढ़ने की समस्या से निपटने और मन:स्थिति पर काम करने की टिप्स दी जायेंगी। डॉ. संदीप जुल्का के साथ युवतियों से साइकोलॉजिकल काउंसिलर रोहिता सतीश, एक्सरसाइज स्पेशलिस्ट मुक्ता सिंह, डायटीशियन मिस नायमा बात - चीत करेंगे। डॉ. जुल्का ने आगे कहा झ ह्लभारत में मोटापे की दर में पिछले दशक में 25त्न की बढ़ोतरी हुई है और यही हाल दुनिया के अधिकतम देशों का है। अमेरिका में मोटापे की समस्या के चलते सेना में योग्य युवाओं की कमी हो रही है, और जिस तरह हम पश्चिम की आदतों पर अमल करते हैं, भारत में भी ऐसी परिस्थिति उत्पन्न होने की संभावनाएं हैं।

इंदौर गौरव दिवस के तहत जल महोत्सव का शुभारंभ...

# आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण महत्वपूर्ण : महापौर

**इंदौर । महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इंदौर गौरव दिवस के क्रम में आज गांधी हॉल में जल महोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य निरंजन सिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, सचेतक कमल वाघेला, पार्षद श्रीमती कंचन गिद्वानी, पराग कोशल, प्रशांत बडवे, महेश चौधरी, मनोज मिश्रा, श्रीमती सीमा डाबी, श्रीमती सुनीता हार्डिया, अप्पर आयुक्त श्री सिद्धार्थ जैन, अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, सहायक यंत्री सुनील गुप्ता, विशेषज्ञ सुरेश एमजी, एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं उपस्थित थे।**

इंदौर गौरव दिवस के उपलक्ष में आयोजित जल महोत्सव एवं संवाद कार्यक्रम में सर्वप्रथम इंदौर आर्टिस के कलाकारों द्वारा इंदौर जल एंथम, जल संरक्षण पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। साथ ही कार्यक्रम के अंत में महापौर जी द्वारा सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग में विशेष योगदान देने वाले हुए सम्मानित

महापौर श्री भार्गव एवं अन्य अतिथियों द्वारा इंदौर गौरव दिवस के तहत जल महोत्सव कार्यक्रम में वर्षा जल संग्रहण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं सहयोगी सुरेश एम.जी. वाटर एक्सपर्ट, झोनल अधिकारी गीतेश तिवारी, सतीश गुप्ता, वैभव देवलासे, आर.एस. देवड़ा, नरेन्द्र कुरील, इसके साथ ही शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग करने में सहयोग रोहित बोयल, घनश्याम वर्मा, नरेन्द्र भावसार, डी.एस. तोमर, रमेश बैस, सुधीर जोशी, रूपेश सुर्यवंशी, लक्ष्मीनारायण पानेरी, अनिल जायसवाल प्रशस्ति पत्र एवं मेमोटो देकर सम्मानित किया गया।



महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि मां अहिल्या इंदौर का ही नहीं अपितु देश और प्रदेश का गौरव है, इसलिए मां अहिल्या के जन्म उत्सव 31 मई को इंदौर का गौरव दिवस मनाना तय किया गया है इसी क्रम में आज से इंदौर गौरव दिवस का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है, आज जल महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जल संरक्षण जल संचयन के साथ गौरव सप्ताह की शुरूआत हो रही है इसलिए मैं आज आपको बधाई देता हूं और शुभकामनाएं देता हूं। जल संरक्षण पर आज सुबह शहर के समस्त वार्डों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा पौधारोपण किया, जल संरक्षण का संकल्प लिया है। महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर गौरव दिवस की तहत आगामी 28 मई को प्रातः 7:00 से 8:00 शहर के विभिन्न स्थानों पर महा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा जिसमें आप सभी अपने अपने वार्ड एवं क्षेत्रों में श्रमदान अवश्य करें।

# इंदौर जिले का बारहवीं का नियमित छात्रों का नतीजा 56% रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड के नतीजे गुरुवार को जारी कर दिए हैं। इंदौर जिले का बारहवीं का रेगुलर स्टूडेंट का नतीजा 56% रहा। यह पिछले साल से 24 प्रतिशत कम है। दूसरे नजरिए से देखा जाए तो 44% प्रतिशत बच्चे फेल हो गए हैं या सप्लीमेंट्री में हैं। दरअसल, इस बार 12वीं में वे स्टूडेंट शामिल हुए थे, जिन्हें कोरोनाकाल में दो साल पहले प्रमोशन देकर दसवीं पास किया गया था। इस साल दसवीं बोर्ड का परिणाम 66.5 प्रतिशत रहा। यह पिछले साल से पांच प्रतिशत ज्यादा है।दसवीं में जिले के मृदुल हरिशंकर पाल ने 98.8% प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में टॉप किया। इंदौर के ही प्राची गड़वाल 98.6% अंकों के साथ इसी लिस्ट में दूसरे स्थान पर जगह बनाई है। मृदुल नंदानगर की पिंक फ्लावर स्कूल के स्टूडेंट हैं जबकि प्राची नेहरू नगर की न्यू पिंक फ्लावर स्कूल की छात्रा हैं। इधर, 12वीं के नतीजे देखें तो प्रदेश में कॉमर्स की मेरिट लिस्ट में नौ और जीव विज्ञान में एक छात्रा ने जगह बनाई है। हालांकि 12वीं में कला, कृषि, फाइन आर्ट्स और होम साइंस के अलावा विज्ञान-गणित समूह में कोई स्टूडेंट ने स्टेट मैरिट लिस्ट में नहीं आ सका।

एमपी बोर्ड एग्जाम में दसवीं में प्रदेश में टॉप करने वाले मृदुल पाल का कहना है कि 11वीं में पीसीएम लेकर आगे की पढ़ाई करूंगा। सपना सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का है। उम्मीद थी कि रिजल्ट अच्छा रहेगा और प्रदेश की मेरिट में टॉप फाइव में जगह बना लूंगा। साल भर नियमित रूप से पढ़ाई की। चैप्टर के अनुसार रणनीति बनाई घंटों को कभी महत्त्व नहीं दिया। कभी एक घंटे तो कभी दिनभर पढ़ता था।

एग्जाम के पहले सुबह रिवाइज जरूर करता था। पिता यशवंत क्लब में स्विमिंग इंचार्ज है। मां घर में टेलरिंग का काम करती है। मृदुल का एक बड़ा भाई भी है। स्विमिंग करना हॉबी है। सोशल मीडिया से दूर रहता हूं। वाट्स एप चलाता हूं सिर्फ वह भी डाक्यूमेंट्स के लिए, फेसबुक और इंस्टाग्राम से दूर हूं। साल भर मौज मस्ती के साथ पढ़ाई की। कभी पढ़ाई का तनाव नहीं लिया।

## आरएसएस-बजरंग दल के खिलाफ पर्चे बांटने पर भड़के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, बोले- किसी को नहीं बख्शेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में आरएसएस और बजरंग दल के खिलाफ पर्चे बांटने के मामले में गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि शांति भंग करने वालों और भ्रम के माध्यम से भय फैलाने वालों को किसी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि इस मामले में धारा 153 के तहत कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। साथ ही कहा है कि सीसीटीवी फुटेज देखकर इस मामले में आरोपियों की जल्द से जल्द पहचान की जाए।बता दें कि इंदौर के मुस्लिम बहुल इलाके में कुछ पर्चे बांटे गए थे जिनमें लिखा गया कि आरएसएस और बजरंग दल द्वारा मुस्लिम लड़कियों को फंसाकर धर्मांतरण की कोशिश की जा रही है। इसके बाद कुछ हिंदू संगठनों ने इन पर्चों की बाबत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।



गृहमंत्री ने कहा कि कि इस मामले में कल ही उपद्रव फैलाने के लिए धारा 153 के तहत कार्रवाई की गई है। इसी के साथ पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि उस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएं। उस आधार पर पर्चे बांटने वालों की पहचान कर उनपर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शांति भंग करने वालों और भ्रम के माध्यम से भय फैलाने वालों को किसी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।



# पूर्व मंत्री बोले-कांग्रेस सरकार आने पर 100 रुपए में सिलेंडर

● सफाई में कहा-जुबान फिसल गई थी; भाजपा बोली-झूठ बोलने में ये कमलनाथ से भी आगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में सत्ता वापसी के लिए कांग्रेस वादों की झड़ी लगा रही है। पीसीसी चीफ कमलनाथ नारी सम्मान योजना के जरिए महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने और 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा कर चुके हैं। इस घोषणा से दो कदम आगे बढ़कर पूर्व मंत्री और विधायक पीसी शर्मा ने कांग्रेस की सरकार बनने पर 100 रुपए में गैस सिलेंडर देने का ऐलान किया है। पूर्व मंत्री के बयान पर भाजपा ने कहा कि पूर्व मंत्री झूठ बोलने में कमलनाथ से भी आगे निकले। जिसके बाद पीसी शर्मा ने अपनी सफाई में कहा कि उनकी जुबान फिसल गई थी, जिसका कुछ लोग गलत फायदा उठा रहे हैं।**

## मैंने सिलेंडर की बात नहीं, बिजली के लिए कही थी

100 रुपए में गैस सिलेंडर देने के पीसी शर्मा के बयान पर जब बीजेपी ने उन्हें घेरा तो उन्होंने सफाई दी। पीसी शर्मा ने कहा कि कुछ लोग स्लीप ऑफ टंग का फायदा उठआ रहे है। पीसी शर्मा ने कहा कि झूठ और भ्रम फैलाना भाजपा की आदत में शुमार हो चुका है। 100 रुपए में सिलेंडर दिए जाएंगे वो सिलेंडर की बात नहीं बल्कि बिजली के लिए कही गई थी जो मुफ्त दी जाएगी। जो लोग 100 रुपए में सिलेंडर वाली गलत खबर फैला रहे हैं, जो बात मैंने मीडिया में कही वो 500 रू सिलेंडर देने की बात है।

## भाजपा बोली- झूठ बोलने में ये कमलनाथ से भी आगे

पीसी शर्मा की घोषणा पर बीजेपी प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा ने तंज कसा है। सलूजा ने ट्वीट कर लिखा- लो जी पूर्व मंत्री पीसी शर्मा तो झूठ बोलने में कमलनाथ जी से भी एक कदम आगे निकले... कमलनाथ जी कह रहे हैं 500 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे ,यह कह रहे हैं कि 100 रुपए में देंगे.. कौन सही...? पता है कि देना कुछ है ही नहीं , जो मुंह में आए बोले जाओ...।

## नौकरीपेशा परिवारों की महिलाओं को भी देंगे 1500 रुपए

भोपाल में गुरुवार को अपने आवास पर मीडिया से चर्चा के दौरान पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा- प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार मुख्य मुद्दे हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी, तो 100 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा। 18 साल से लेकर 60 साल तक की महिलाओं को 1500 रुपए दिए जाएंगे। घर में तीन महिलाएं हैं, तो उन्हें भी मिलेंगे। जो नौकरी कर रहा है, व्यवसाय कर रहा है, उनको भी मिलेगा। 100 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। 200 यूनिट बिजली बिल हाफ देना पड़ेगा। ये महंगाई से लडने का एक तरीका है।

ओल्ड पेंशन स्कीम भी लागू करेंगे

पीसी शर्मा ने कहा- मप्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाएगी। स्लम एरिया में रहने वाले लोगों के मकानों की रजिस्ट्री कराई जाएगी। उनको मकान बनाने के लिए पैसे दिए जाएंगे। ये सब मंहगाई से लडने के लिए कॉन्सेप्ट है। बीजेपी की सरकार मंहगाई बढ़ाती जा रही है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के रेट सातवें आसमान पर हैं। 2014 का जब चुनाव हुआ था, तब इन्होंने कहा था कि रसोई गैस दो-तीन सौ रुपए में मिलेगी। पेट्रोल डीजल 40-50 रुपए में मिलेगा। ये सब बढ़ रहे हैं। मप्र में एक करोड़ लोग बेरोजगार हैं, तो कमलनाथ जी का कॉन्सेप्ट मंहगाई से लडने का है।

# पुलिस की घेराबंदी में फंसने के बाद एक और बदमाश ब्रिज से कूदा

## गंभीर घायल होने पर अस्पताल में किया भर्ती, बदमाश धारा 307 का आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** लगता है कि शहर में अब बदमाशों पर पुलिस का खौफ मंडराने लगा है। गुरूवार को दोपहर में पुलिस की घेराबंदी में फंसने के बाद धारा 307 सहित एक दर्जन से अधिक मामलें में फरार चल रहा बदमाश शिप्रा ब्रिज से कूद गया। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। कुछ दिन पहले ही हत्या के एक आरोपी ने भी पुलिस को देखकर ब्रिज से छलांग लगा दी थी,जिससे उसके दोनों पैर टूट गए थे।

गुरवार दोपहर में नीलगंगा पुलिस को सूचना मिली थी कि सूरज बारिक नामक बदमाश लालपुल की ओर से कहीं जा रहा है। जिसके बाद सीएसपी सचिन पर्ते,एसआई महेंद्र मकाश्रे टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। इस दौरान बदमाश ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की लेकिन दोनों ओर घिर जाने के बाद उसने लालपुल से छलांग लगा दी,जिससे उसके पैर में फेक्चर होने के साथ ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तुरंत उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। बदमाश सूरज पर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। 5 मार्च को ऑटोचालक को जान से मारने की नियत से चाकू मारे थे। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया था। तभी से पुलिस बदमाश की तलाश कर रही थी। फिलहाल जेल वार्ड में आरोपी का इलाज चल रहा है। इसके पूर्व 12 मई को राजू द्रोणावत हत्याकांड का शूटर जीतू उर्फ जितेन्द्र गुर्जर भी ब्रिज से नीचे कूदने पर घायल हुआ था। उसके दोनों पैरों के घुटने टूटने पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका भी उपचार चल रहा है।

# दिव्य दरबार में बांग्लादेशी युवती बोली- सनातनी बनना है

● पं. धीरेंद्र शास्त्री से कहा- हम मजहब के खिलाफ नहीं, घर वापसी पर भरोसा है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री के दिव्य दरबार में बांग्लादेश से आई एक युवती पहुंची। उसने विनती करते हुए कहा कि मुझे सनातन धर्म स्वीकार करना है। युवती ने धीरेंद्र शास्त्री को बताया कि वह कई महीनों से यूट्यूब पर उनका कार्यक्रम देख रही है। उसे राम नाम का जाप करने से सुकून मिलता है।**

धीरेंद्र शास्त्री ने युवती से पूछा कि किसी के दबाव में आकर तो ये कार्य नहीं कर रही है, इस पर युवती ने कहा कि वह अपनी मर्जी से वीजा के साथ भारत आई है। किसी का दबाव नहीं है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि आप अपने मजहब में रहकर भी सनातन धर्म को स्वीकार कर सकते हैं। तो युवती ने सनातनी बनने की इच्छा जताई। बालाघाट के परसवाड़ा के भादुकोटा में दो दिवसीय वनवासी रामकथा का आयोजन हुआ। इसमें दो दिन यानी 23 और 24 मई को पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने दिव्य दरबार लगाया। 24 मई को बांग्लादेश से आई युवती भी शामिल हुई। 24 मई को पंडित धीरेंद्र शास्त्री के दिव्य दरबार में पहली अर्जी पिता के घर परसवाड़ा आई महिला नेहा और पुरूष में पहली अर्जी केवलारी के बगलई निवासी देवेंद्र और शिवम की लगी।

## ● हम मजहब के खिलाफ नहीं: पं. शास्त्री

बांग्लादेश से आई युवती स्वागत करते हुए पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हम पर आरोप लगते हैं कि हम उपद्रव करवाते हैं, लेकिन हम किसी मजहब के खिलाफ नहीं है। ना ही धर्मांतरण पर भरोसा करते हैं, हमारी कोई भूमिका नहीं है, बस हमारी राम नाम की भूमिका है, लेकिन हमें घर वापसी पर भरोसा है। पं. धीरेंद्र शास्त्री ने वनवासी रामकथा के बाद युवती से मिलने का वादा करते हुए आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे को युवती से मिलाने की बात कही। ताकि उन्हें सनातन धर्म में स्वीकार किया जा सके। युवती ने धीरेंद्र शास्त्री से कहा कि मेरे सनातन धर्म स्वीकारने से परिवार को परेशानी उठानी पड़ सकती है, लेकिन मैं आपके भजनों से प्रेरित होकर यह कदम उठा रही हूं। सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

# जिसे परिवार-पुलिस ने मरा समझा, 9 महीने बाद जिंदा मिली

मां को भेजा था नर्मदा में डूबने का मैसेज, आधार अपडेट का मैसेज मिला, तो खुला राज

मैं नर्मदा में कूदकर अपनी जान देने जा रही हूं। मेरी अस्थियां भी नहीं मिलेंगी।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। यह टेक्स्ट मैसेज 16 साल की लड़की ने परिवार को भेजा था। इसके बाद वह लापता हो गई। 1 जून 2022 को किए गए इस मैसेज के कुछ दिन बाद परिवार भी मानने लगा था कि बेटी अब इस दुनिया में नहीं है। पुलिस ने भी लड़की को खोजने के लिए तीन टीम गठित कीं। नर्मदा किनारे घाटों- होशंगाबाद, इटारसी और खंडवा हाईवे के करीब 28 थानों में तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस भी लगभग मान चुकी थी कि लड़की मर चुकी है। लेकिन मां को यकीन था वो ऐसा नहीं कर सकती है।**

अब ठीक 9 महीने बाद यानी मई 2023 में आधार अपडेट कराया। फिर क्या था, सारी हकीकत सामने आ गई। पता चला लड़की जिंदा है। वह फ्रेंड के साथ असम के गुवाहाटी चली गई थी। भोपाल पुलिस ने उसे गुवाहाटी (असम) से बरामद किया। लड़के को भी पकड़ लिया है। पता चला कि पेरेंट्स को गुमराह करने के लिए उसने मैसेज किया था। जानते है, कैसे खुला पूरा मामला...

## मां ने पुलिस को बताया था, बेटी को कोई बहला-फुसलाकर ले गया

गोविंदपुरा थाने की ऊर्जा डेस्क प्रभारी सोनिया बताती हैं कि बात 1 जून 2022 की है। गोविंदपुरा की रहने वाली महिला थाने आई। बोली- उसकी 16 साल की बेटी लापता हो गई है। उसे कोई बहला-फुसलाकर लेकर गया है। पुलिस ने तलाश शुरू की। सुराग नहीं लगा। सर्च चल ही रही थी, उसी दिन मां को मोबाइल पर एक टेक्स्ट मैसेज मिला। लिखा था- मैं नर्मदा में कूदकर अपनी जान देने जा रही हूं, मेरी अस्थियां भी नहीं मिलेंगी।

इसके बाद लड़की की तलाशी के लिए तीन टीमें बनाई गईं। नर्मदा किनारे पडने वाले सभी थानों को सूचना भेजी गई। मोबाइल की लोकेशन निकाली गई, तो अंतिम लोकेशन इटारसी में मिली। इस पर तीनों टीमें तीन अलग-अलग जिले खंडवा, देवास और नर्मदापुरम के लिए रवाना हुईं, लेकिन लड़की का पता नहीं चल सका।

## आधार में उम्र अपडेट कराने पर मां के मोबाइल पर आया मैसेज

9 महीने बाद लड़की की मां के पास आधार अपडेट कराने का मैसेज आया। दरअसल, लड़की नाबालिग है। लड़की ने आधार में उम्र अपडेट कराने के लिए प्रोसेस की थी, लेकिन आधार में मां का मोबाइल नंबर लिंक था। ऐसे में अपडेशन से जुड़ा मैसेज मां के मोबाइल पर आ गया। लड़की की मां ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोकेशन ट्रैस की, तो गुवाहाटी (असम) की निकली। लड़की ने पुराने सिम को तोड़ दिया था। नए सिम को मोबाइल में लगाकर आधार अपडेट कराने की कोशिश की, लेकिन आधार तो मां के नंबर पर लिंक था। भोपाल पुलिस गुवाहाटी पहुंची। वहां से लड़की के साथ युवक को पकड़ा गया। उसकी पहचान कुशहांवाड, बलिया (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले मनीष तिवारी (32) पुत्र गोपाल तिवारी के रूप में हुई। लड़की ने भोपाल आने से मना किया, मरने की धमकी दी। पुलिस उसे समझाकर भोपाल लेकर आई।

## दोनों की स्टार मेकर ऐप पर हुई थी मुलाकात

लड़की ने बताया कि वह स्टार मेकर ऐप पर रील बनाती थी। इसी प्लेटफॉर्म पर उसकी मुलाकात मनीष से हुई। दोनों वॉइस चैट पर बात करने लगे। मनीष ने उसे प्रपोज किया। मां को यह बात पता चल गई थी। उन्होंने समझाया। 1 जून 2022 को मनीष भोपाल आ गया। उसने करइळ पर बुलाया। यहां से हम बस के जरिए होशंगाबाद पहुंचे। होशंगाबाद से ही मनीष ने घर पर टेक्स्ट मैसेज करवाया। इसके बाद दोनों असम के लिए निकल गए। गुवाहाटी में किराए से कमरा लेकर रहने लगे। मैंने शादी के लिए कहा, तो मनीष उसे कामाख्या मंदिर लेकर गया। जहां पर माला पहनाकर शादी कर ली। मनीष यहां कपड़े की दुकान पर काम करने लगा। साथ ही बताया कि एक बार मनीष ने झूठ बोलकर मुझसे ओटीपी मांगा तो मैंने उसको दे दिया। उसके बाद से मेरी हर गतिविधि उसे पता चलने लगी। मैं किससे कब बात कर रही हूं। सारी जानकारी उसके पास जानें लगी। इससे मैं घबरा गई और वो जो बोलता गया वो मैं डर की वजह से करती गई। पुलिस के मुताबिक लड़की अभी भी नाबालिग है। मनीष चाहता था कि आधार कार्ड में उम्र बढ़वा दे। इसके लिए वह एक दुकान पर पहुंचा। आधार अपडेशन के लिए डळढ लड़की की मां के नंबर पर आया। दोनों ने पुराने सिम कार्ड तो फेंक दिए थे, लेकिन मोबाइल पुराने ही थे।

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**ऐसे साधु का संग करना,
जो गर्भ का साधु हो,
जो कर्म का भी साधु हो और
जो धर्म का भी साधु हो।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

व्यक्तित्व विशेष



## कंवर पाल सिंह गिल

(अंग्रेज़ीः Kanwar Pal Singh Gill, जन्म- 1934/35, लुधियाना; मृत्यु- 26 मई, 2017, नई दिल्ली) पंजाब के दो बार पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रहे थे। उन्हें पंजाब के आतंकवादी एवं उग्रवादी विद्रोह को नियंत्रित करने का श्रेय दिया जाता है। के. पी. एस. गिल को आतंकवाद की कमर तोड़ने वाला 'सुपरकॉप' कहा जाता है। वे भारतीय पुलिस सेवा से साल 1995 में सेवानिवृत्त हो चुके थे। गिल 'इंस्टीट्यूट फ़ॉर कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट' और 'इंडियन हॉकी फ़ेडरेशन' के अध्यक्ष रहे थे। भारतीय प्रशासनिक सेवा में उनके बेहतरीन काम को ध्यान में रखते हुए 1989 में 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया था।

# संपादकीय

## बेहद अहम यात्रा

मंदिरों पर हमले के संदर्भ में भारत की ओर से प्रधानमंत्री ने जिस तरह स्पष्ट भाषा में आपत्ति दर्ज की, वह वक्त की जरूरत है। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत के साथ परस्पर संबंधों को मजबूत बनाने की अपेक्षा करने के साथ-साथ आस्ट्रेलिया अपने यहां अराजक तत्वों को काबू में करने और उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने को लेकर शिथिलता नहीं बरतेगा। अगर आस्ट्रेलिया इस मसले पर सकारात्मक रुख दिखाता है तो यह वैसे अन्य मामलों में भी द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने में मददगार साबित होगा, जिसके तहत दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने एक व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते को मजबूत करने और हरित हाइड्रोजन के क्षेत्रों में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। आस्ट्रेलिया बंगलुरु में नया महावाणिज्य दूतावास खोलेगा, जिससे दोनों देशों को कारोबार और आधुनिक तकनीकी साझा करने के मामले में मदद मिले। इसके अलावा, जी-20, व्यापार और रक्षा क्षेत्र के साथ-साथ सैन्य सहयोग बढ़ाने को लेकर बातचीत जिस ओर बढ़ी है, उसे बदलते विश्व में एक जरूरत के तौर पर भी देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आस्ट्रेलिया यात्रा को कई लिहाज से बेहद अहम माना जा सकता है। दुनिया भर में भारत की अहमियत को जिस रूप में दर्ज किया जा रहा है, उसमें स्वाभाविक ही आस्ट्रेलिया के साथ कारोबार से लेकर कूटनीति तक कई स्तरों पर परस्पर संबंधों के मजबूत होने की जमीन और पुख्ता हुई है। इस बीच एक अहम पहलू यह भी रहा कि पिछले कुछ समय से आस्ट्रेलिया में अराजक तत्त्वों की ओर से मंदिरों पर होने वाले हमलों को लेकर लगातार चिंता बढ़ रही थी, उस पर भारत ने सख्त आपत्ति दर्ज की। हालांकि आस्ट्रेलिया का स्थानीय प्रशासन इस मसले पर कानूनी कार्रवाई करता दिखा, लेकिन ऐसी कई घटनाओं से यही लग रहा था कि संभवतः किसी संगठन या समूह की ओर से मंदिरों पर हमलों को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के सामने यहां तक कहा कि ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी, जिससे आपसी रिश्तों को नुकसान हो। यानी एक तरह से भारत ने इस मसले पर स्पष्ट रुख अख्तियार किया है। शायद यही वजह है कि आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को इस बात का भरोसा देना पड़ा कि वहां मंदिरों पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि आस्ट्रेलिया में पिछले कुछ महीनों के दौरान मंदिरों पर हमले की घटनाओं में तेजी देखी गई। इस क्रम में कई अलग-अलग मंदिरों पर हमले किए गए, तोडफ़ोड़ की गई, भारत को लक्षित करके आपत्तिजनक नारे लिखे गए। इस तरह की गतिविधियों का आरोप वहां गोपनीय तरीकों से काम करने वाले खालिस्तान समर्थक समूहों पर लगा। लेकिन हैरानी की बात है कि कानून-व्यवस्था और प्रशासन की कसौटी पर बेहतर माने जाने वाले देश में इस तरह की अवांछित गतिविधि को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिली।

**अर्ज किया है..!**

*जुबानों के पीछे मत चलो,
कोई तुम्हें ऐसी कहानी
नहीं सुनायेगा...
जिसमें वो खुद गद्दार हो!!*

## महिला जगत

# यूपीएससी में सफलता नहीं थी आसान, इन तीन बेटियों ने परीक्षा में ऐसे किया नाम रोशन

संघ लोक सेवा आयोग 2022 की सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम जारी हो गया है। इस वर्ष भी बेटियों ने परचम लहराया। टॉप तीन अभ्यर्थियों की सूची में बेटियों का नाम शामिल है। इसमें पहले स्थान पर पटना निवासी इशिता किशोर, दूसरे स्थान पर बक्सर निवासी गरिमा लोहिया और तीसरे स्थान पर उमा हराथी एन का नाम शामिल है। इसके अलावा भी सिविल सेवा की परीक्षा में कई महिला अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत से रैंक हासिल की। किसी ने पहली ही बार में तो किसी ने दो बार की असफलता के बाद जीत की खुशी को महसूस किया। आइए जानते हैं यूपीएससी 2023 सीएसई की टॉपर महिला अभ्यर्थियों की सफलता की कहानी।



### ● यूपीएससी एआईआर 1 इशिता किशोर

पटना की इशिता किशोर चार सालों से यूपीएससी की तैयारी कर रही हैं और इसके पहले दो बार परीक्षा में असफल रह चुकी हैं। हालांकि तीसरी बार में इशिता ने मेंस क्लियर कर लिया और इंटरव्यू में पास होने के साथ ही यूपीएससी में पहली रैंक हासिल कर ली। शुरुआत में इशिता ने दिल्ली से कोचिंग की लेकिन कोविड काल में वह घर से ही सेल्फ स्टडी करने लगीं। औसतन वह आठ से दस घंटे पढ़ाई करती थीं।



### ● यूपीएससी एआईआर 2 गरिमा लोहिया

यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में दूसरा स्थान गरिमा लोहिया को मिला। गरिमा बिहार के बक्सर जिले की रहने वाली हैं। उन्होंने बक्सर में रहकर ही तैयारी की। हालांकि गरिमा ने बनारस के सनबीम भगवानपुर से बारहवीं की पढ़ाई की है। कोविड के कारण गरिमा ने ऑनलाइन कोर्सेस से ही तैयारी की।




### ● उमा हरित एन

यूपीएससी परीक्षा 2022 में तीसरा स्थान तेलंगाना की इंजीनियर बेटी उमा हरित एन ने प्राप्त किया। उमा ने आईआईटी हैदराबाद से इंजीनियरिंग में स्नातक किया है। सिविल सेवा का सपना देखने वाली उमा को परीक्षा पास करने के लिए पांच बार प्रयास करना पड़ा। हालांकि असफलता के सामने हार नहीं मानी।

## Highlights

1. 'Delhi CM's home renovation cost 52 cr,' says report sent to L-G
2. Which states are 'top performers' in govt's annual Health Index?
3. Musk's brain-implant firm Neuralink gets FDA nod for human trials
4. India's 'AIRAWAT' ranks 75th in Top 500 Global Supercomputing List
5. Won't spare anyone spreading violence in Manipur: Amit Shah
6. Special 75 coin to be released on new Parliament building's inauguration

# Manish Malhotra opens India's first luxury headquarters in the fashion space

**NEW DEIHI, (Agency).** Unveiling luxury under one concrete setting and paving a brand-new culture, designer Manish Malhotra becomes the first Indian fashion house to set-up their individual design headquarters in Mumbai.

Malhotra's new state of the art atelier and headquarters located in Mumbai's upscale and prominent prime real estate of Bandra is set to redefine the new-age work culture in the luxury fashion industry. The expansive atelier stands as the first landmark by an Indian designer's corporate-infused luxurious organisation.

Spanning over 40,000 square feet, the expansive, revamped and spacious facility efficiently divides various functions over four floors, accommodating over 400 employees and promoting seamless collaboration, productivity and imagination powered by sustainability.

The designer cements his position as a pioneer in the Indian fashion industry as he sets a new standard through his synergetic approach to workplace design,



demonstrating that luxury and fashion in India is embracing unity and collaboration.

From the process of designing, creating and constructing pieces to the final experience of purchasing couture, the atelier boasts of creativity, collaboration and communication. The result is a space that reflects the importance of a unified, inclusive, luxurious and well-organised work space: an open glass room for the brand's continued growth. With the focus on building an open-door policy work environment and incorporating the Gen Z work culture, the space serves Manish's vision for the future.

The lavish new office is filled with space, freshness and brightness. It nurtures both young and seasoned talent that boasts of creativity in style, design, fashion and brand communication, while paving a new path for this undying fashion industry.

The lush atelier features a range of open, interactive and enclosed brainstorming spaces, a collaborative cafeteria, a meeting lounge, as well as a versatile showroom space for photoshoots, trials and make-up spaces. The made to perfection headquarters boasts of Manish's minimalist yet magical creations with a personal touch of perfection.

# Ola Electric hires Goldman, Kotak as it aims for IPO by 2023 end: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** India's Ola Electric is planning a stock market listing by the end of 2023, and has appointed investment bank Goldman Sachs and domestic bank Kotak to manage the share sale, a source with direct knowledge of the matter told Reuters.

Ola Electric, which makes electric scooters, is backed by investors such as SoftBank Group Corp and Tiger Global Management, and was valued at $5 billion in its last fundraise in 2022.

More investment banks are likely to be added closer to the




deal, the source said. Local business website Moneycontrol first reported the IPO plans earlier in the day.

Ola Electric, founded by Bhavish Aggarwal, who also established ride-hailing firm Ola and competes with Uber, is trying to capture India's nascent but promising electric vehicle market.

It sold around 30,000 scooters in April, its highest so far, and is the market leader in the EV scooter space, the person said.

The EV scooter company has not finalised how much it plans to raise in the initial public offering (IPO) or what valuation it will seek, but it will aim for a valuation higher than $5 billion, the source said.

If it sells 10% in the IPO - the minimum legally required to list - at that price, this could be India's biggest IPO this year amid tepid market conditions.

Filing its draft documents, marketing to investors and listing by the end of the year will be "difficult," the source said, but added that Chief Executive Aggarwal was insistent on the timeline.

Jammu & Kashmir

# जम्मू कश्मीर: किश्तवाड़ में बारिश के दौरान पेड़ गिरने से चार की मौत, पुंछ में युवक बहा, कुपवाड़ा में गिरे ओले



**जम्मू,** जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में वीरवार को लगातार दूसरे दिन मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। किश्तवाड़ की पंचायत केशवान, ब्लाक ठाठरी के बाहलना वन क्षेत्र में बारिश के बीच विशाल देवदार का पेड़ गिरने से तीन महिलाओं समेत चार बक्करवालों की मौत हो गई।

इनकी पहचान नजीर अहमद (55), अनवर बेगम (26), शमा बेगम (26) और शकील बानो (17) के रूप में हुई है। सभी मरने वाले कठुआ के बनी डिवीजन की बरवाल घाटी के रहने वाले हैं। ये सभी पेड़ के नीचे आराम कर रहे थे। उधर सुरनकोट के डोडी नाले में तेज बहाव में एक 14 वर्षीय किशोर बह गया। बचाव दल उसकी तलाश कर रहा है। पुंछ की बेतार नदी में बुधवार को लापता एक महिला का शव 18 घंटे बाद घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर मिला है। पुंछ में तेज बारिश से पिछले दो दिनों से नदी-नाले उफान पर हैं। जिला प्रशासन ने लोगों को नदी-नालों के पास न जाने की हिदायत दी है। प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में वीरवार सुबह हुई तेज बारिश से पारे में गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। आने वाले दिनों में भी मौसम में उतार चढ़ाव जारी रहेगा। हालांकि वीरवार दोपहर बाद अधिकांश इलाकों में मौसम खुल गया था। कटड़ा में वैष्णो देवी के लिए हेलिकॉप्टर सेवा सुचारू रूप से चलती रही।

Rajasthan

# बच्चों के पोषाहार की कबाड़ के गोदाम में हो रही थी रीपैकेजिंग, छापे में 31 टन माल जब्त



**जालोर, (एजेंसी) राजस्थान के जालोर में समेकित बाल विकास सेवा विभाग की टीम और थाना रानीवाड़ा पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की है. आंगनबाड़ी केंद्रों पर निशुल्क वितरण किए जाने वाले पोषाहार का भंडारण और रीपैकेजिंग करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है. इनके नाम रामलाल माली और हीरा लाल खटीक हैं.**

पुलिस ने मौके से 949 बोरों में बंद 31,377 किलो 750 ग्राम पोषाहार जब्त किया है. जानकारी देते हुए एसपी डॉ. किरण कंग सिद्धू ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एएसपी दशरथ सिंह और सीओ शंकर लाल के साथ उप निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं अशोक कुमार की उपस्थिति में खुर्द गांव के एक कबाड़ी के गोदाम में दबिश दी थी. वहां बच्चों को मुफ्त वितरण की जाने वाली पोषाहार सामग्री का अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा था. साथ ही उसका रीपैकेजिंग कर मार्केट में बेचने की तैयारी की जा रही थी. मौके से आंगनवाड़ी सेवा केंद्रों पर मुफ्त में वितरण किए जाने वाले नमकीन-मुरमुरे के कुल 187 कट्टे, मीठे-मुरमुरे के कुल 110 कट्टे, न्यूट्री मीठा दलिया के कुल 38 कट्टे, बालाहार प्रीमिक्स के कुल 6 कट्टे, मूंग दाल चावल खिचड़ी के कुल 12 कट्टे, फोर्टिफाइड मीठा दलिया के कुल 3 कट्टे, फोर्टिफाइड सादे गेहूं दलिया के कुल 5 कट्टे मिले हैं.

इसके अलावा नमकीन मुरमुरे के कट्टे खोलकर तैयार किए गए प्लास्टिक के कुल 240 कट्टे, दलिया के कट्टे खोलकर तैयार किए गए प्लास्टिक के कुल 310 कट्टे, नमकीन चावल के कट्टे खोलकर तैयार कराए गए प्लास्टिक के 38 कट्टे भरे हुए पाए गए हैं. जब्त सभी समान का वजन 31,377.75 किलोग्राम यानी करीब 31 टन है.

Uttarpradesh

## शादी के 16 दिन बाद ही लड़की को भगा ले गया युवक, दोनों को साथ देखकर पत्नी ने कर दिया बवाल

**सीतापुर, (एजेंसी)** शादी के 16 दिन बाद एक युवक ने घर में हंगामा खड़ा कर दिया। युवक का गांव की ही किसी लड़की से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, लेकिन इसी बीच युवक की कहीं और शादी हो गई। शादी के बाद युवक को दुल्हन को घर ले आया। युवक की शादी चार मई को हुई थी। कुछ दिन बीतने के बाद युवक 20 मई को गांव की एक नाबालिग लड़की को भगा ले गया और मंदिर में जाकर शादी कर ली। इसकी जानकारी जब पहली पत्नी को हुई तो उसने जमकर बवाल काटा। इतना ही नहीं लड़की के घर वाले भी लड़के के तलाश में जुट गए।

युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट लिखा दी गई। इस बीच युवक की पत्नी ने अपने पति और उसकी प्रेमिका को रामगढ़ चौराहे पर साथ देख लिया। इस दौरान नाबालिग लड़की के घर वाले भी मौके पर पहुंच गए। नाबालिग और उसके शादीशुदा प्रेमी को हिरासत में लिया गया है। इसे लेकर लड़की के परिजन काफी समय से एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। बुधवार को एफआईआर लिखी गई थी।

Bihar

## जब भिड़ीं दो टीचर... स्कूल में हाथापाई, खेत में लेटकर चलाए लात-घूंसे और चप्पलें

**पटना (एजेंसी)** बिहार के पटना से दो महिला टीचर्स के बीच मारपीट का हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है. इसमें दोनों एक दूसरे को स्कूल के अंदर और खेत में पीटती नजर आ रही हैं. इससे भी हैरानी वाली बात ये है कि इस उठापटक में एक टीचर की मां उसका साथ देती दिख रही है. घटना बिहटा प्रखंड के एक विद्यालय की है. बताया जा रहा है कि दोनों टीचर्स में किसी बात को लेकर क्लास रूम में बहस हो गई थी. देखते ही देखते मामले ने इतना तूल पकड़ लिया कि दोनों लड़ने लगीं. इसके बाद दोनों ने स्कूल को कुश्ती का अखाड़ा दिया. इतना ही नहीं ये लड़ाई स्कूल के बाहर खेत तक पहुंच गई. खेत में एक-दूसरे को पीटने और पटकनी देने का ये सिलसिला काफी देर तक चला. इस दौरान महिला शिक्षक की मां ने दूसरी टीचर को चप्पल से भी पीटा. इस दौरान भारी भीड़ जमा हो गई. लोग दोनों टीचर्स के बीच हुई इस जंग को देखकर हैरान रह गए. इसी दौरान किसी ने इस घटना को कैमरे में कैद करके वायरल कर दिया.

खेल

# IPL 2023: क्वालिफायर-2 में कैसा है मुंबई इंडियंस का रिकॉर्ड, क्या चेन्नई के साथ 'एल-क्लासिको' फाइनल तय?



**नई दिल्ली, (एजेंसी) मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल के क्वालिफायर-2 में पहुंच चुकी है। वहां उसका मुकाबला शुक्रवार (26 मई) को गत विजेता गुजरात टाइटंस से होगा। मुंबई की टीम लीग राउंड समाप्त होने के बाद अंक तालिका में चौथे स्थान पर थी। उसे तीसरे स्थान पर रही लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम से एलिमिनेटर में खेलना था। मुंबई ने फाइनल में पहुंचने की पहली बाधा पार कर ली और लखनऊ को एलिमिनेटर में हरा दिया।**

मुंबई अब तक पांच बार चैंपियन बनी है। उसकी नजर छठी बार खिताब जीतने पर है। फाइनल में पहुंचने के लिए उसे गुजरात से पार पाना होगा। दोनों टीमें इस सीजन में तीसरी बार आमने-सामने होंगी। मुंबई ने एक और गुजरात ने एक मैच अपने नाम किया है। गुजरात के खिलाफ उसका रिकॉर्ड शानदार है। मुंबई तीन में से दो मैच जीती है और एक में उसे हार का सामना करना पड़ा।

### मुंबई की टीम कब-कब फाइनल खेली?

मुंबई की टीम छह बार फाइनल में पहुंची है। उसे पांच बार सफलता मिली है। मुंबई पहली बार 2010 में फाइनल खेली थी। तब उसे चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद से मुंबई की टीम 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में फाइनल तक पहुंची और हर बार जीती। वह सातवीं बार फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर है।

### क्वालिफायर-2 में मुंबई का रिकॉर्ड कैसा है?

आईपीएल में प्लेऑफ फॉर्मेट की शुरुआत 2011 में हुई। तब से मुंबई की टीम तीन बार क्वालिफायर-2 में खेली है। इस राउंड उसका रिकॉर्ड शानदार है। उसने क्वालिफायर-2 में दो बार जीत हासिल की है। एक बार उसे हार का सामना करना पड़ा।

### तो क्या चेन्नई से होगा मुकाबला?

क्वालिफायर-2 में मुंबई के रिकॉर्ड को देखें गुजरात के खिलाफ उसका पलड़ा भारी लग रहा है। हेड टू हेड में भी वह आगे है। ऐसे में अगर मुंबई की टीम गुजरात को हराने में सफल रहती है तो आईपीएल का फाइनल 'एल-क्लासिको' बन जाएगा। 'एल-क्लासिको' स्पेनिश भाषा का शब्द है। इसका इस्तेमाल अंग्रेजी के क्लासिक शब्द की जगह होता है। ला लिगा यानी स्पेनिश फुटबॉल लीग में इसे बार्सिलोना और रियल मैड्रिड की भिड़ंत के लिए इस्तेमाल किया जाता है। दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच होने वाले मुकाबले को ही एल क्लासिको कहा जाने लगा है।

सिनेमा

# हार्ट अटैक से एक और मौत, वॉशरूम में मृत पाए गए एक्स मिस्टर इंडिया प्रेमराज अरोड़ा



एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से एक और बुरी खबर है। जाने-माने बॉडीबिल्डर और पूर्व मिस्टर इंडिया प्रेमराज अरोड़ा का 42 साल की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया है। इस घटना के वक्त वह कोटा में थे। बताया जा रहा है कि वर्कआउट करने के बाद वह वॉशरूम गए थे। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं आए तब उनके घरवालों ने चेक किया तो वह वॉशरूम में बेहोश पड़े मिले। बता दें, 36 घंटे के अंदर हार्ट अटैक से मौत की यह दूसरी खबर है। कल टीवी एक्टर नितेश पांडे भी निधन दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुआ था।

हैरानी वाली बात यह है कि स्ट्रिक्ट रूल फॉलो करने के बाद भी प्रेमराज अरोड़ा को दिल का दौरा पड़ा। प्रेमराज के परिवार वालों ने खुद इस बात की जानकारी दी है कि प्रेमराज अरोड़ा बॉडीबिल्डर होने की वजह से हमेशा प्रॉपर डाइट फॉलो करते थे। इतना ही नहीं, वह हर प्रकार के नशे से भी दूर रहते थे। बता दें, प्रेमराज अरोड़ा के निधन के बाद अब उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां हैं।

# लक्ष्मीबाई नगर को रेलवे स्टापेज बनाने की बरसों पुरानी मांग

## मांग पूरी होने से मध्य क्षेत्र को ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पिछले सात वर्षों से लगातार लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के लिए स्टापेज बनाने की मांग कर रहे पश्चिम रेलवे मुंबई झोन की रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य कमलेश खंडेलवाल ने रेल मंत्री एवं रेलवे बोर्ड के अधिकारियों को पत्र लिखकर उन्हें बताया है कि लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन को स्टापेज बनाने से शहर की 700 कालोनियों के 12 लाख से अधिक लोगों को राहत मिल सकेगी, वहीं शहर के मध्य क्षेत्र में जाम से मुक्ति मिलेगी और शहर को यातायात व्यवस्था में नंबर वन बनाने का मार्ग भी खुल जाएगा।

खंडेलवाल ने बताया कि लक्ष्मीबाई नगर रेलवे पर स्टापेज की मांग को लेकर 15 जुलाई 2018 को रेल रोको आंदोलन भी किया जा चुका है जिसके समर्थन में हजारों जनता ने भाग लिया था उन्होंने बताया कि उज्जैन और बायपास से आने वाले लोग द्वह्म् 4 से और पशिचम क्षेत्र से आने वाली जनता बाणगंगा से रेलवे पर सुगमता से पहुंच सकती है

खंडेलवाल ने बताया कि बाणगंगा से चढऩे वाले रेलवे फ्रूट ब्रिज का काम ठेकेदार 2016 में बीच में छोड़ गया था तब इसको वापिस से लाकर फ्रूट ब्रिज का काम पूरा कराया जिसके कारण आज बाणगंगा से चढऩे वाले लोग को आसानी हुई। खंडेलवाल ने बताया कि लगातार सात वर्षों के मेराथन प्रयासों के बावजूद अब तक रेलवे मंत्रालय ने इस मांग की ओर ध्यान नहीं दिया है, इसलिए अब इसे जन चेतना अभियान और जन समर्थन नाम दिया गया है। यह ऐसा अभियान होगा, जिसे वे अपनी मांग पूरी होने तक चलाएंगे। सभी तरह के प्रयासों में विफल रहने के बाद खंडेलवाल ने इसे अंतिम विकल्प बताया है। उन्होंने अपनी इस मांग के समर्थन में लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन से जुड़े क्षेत्रों की 700 कालोनियों की सूची भी तैयार की है, जिसमें बाणगंगा, कुशवाह नगर, संगम नगर, एयरपोर्ट रोड, मरीमाता, राजनगर, नगीन नगर, मल्हारगंज, बड़ा गणपति, परदेशीपुरा, नंदानगर, क्लर्क कालोनी, विजय नगर, स्कीम 78, स्कीम 54 एवं स्किम 74 से लेकर सांवेर रोड और सांवेर शहर तक के रहवासी एवं उज्जैन जाने वाले यात्रियों को भी शामिल किया है, क्योंकि उज्जैन जाने वाले लोग एमआर-4 से आसानी से पहुंच सकेंगे। मध्य इंदौर शहर में यातायात का दबाव निरंतर बढ़ता जा रहा है। रेलवे स्टेशन के पास सियागंज, सरवटे बस स्टैंड, शास्त्री ब्रिज एवं आसपास के क्षेत्रों में रेलों के आवागमन के समय हमेशा जाम लगा रहता है। यदि बनारस, बैंगलुरू, भोपाल एवं अन्य शहरों की तरह इंदौर में भी दो रेलवे स्टेशन बन जाएं और वहां सभी ट्रेनों के स्टापेज बना दिए जाएं तो देश के सबसे स्वच्छ शहर पर लगा यातायात जाम वाले शहर का लांछन मिट सकता है। लक्ष्मीबाई नगर को स्टापेज बनाने से इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे और होटल व्यवसाय, पर्यटन, रिक्शा, टैक्सी, बस तथा अन्य व्यवसायों को भी मदद मिलेगी और यात्री सुविधाएं भी मिल सकेंगी। अपनी इस मांग के समर्थन में शहर के आम नागरिकों, प्रबुद्धजनों और जन प्रतिनिधियों से सहयोग का आग्रह किया है। इस दिशा में पहले चरण में सभी जन प्रतिनिधि, समाजों के पदाधिकारी, संत महात्मा और अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों के पास पहुंचकर जन चेतना अभियान के लिए समर्थन की गुहार की जाएगी और जन सहयोग से इस मांग को पूरा कराने हेतु पुरजोर प्रयास किए जाएंगे।

# ज्वेलरी शोरूम में कर्मचारी ने की चोरी

## असली जेवर चुराकर नकली रख दिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस ने नामी शोरूम के कर्मचारी के खिलाफ चोरी करने के मामले में केस दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। आरोपी ने शोरूम से करीब 7 ज्वेलरी चुराकर उसके बदले नकली ज्वेलरी रख दी थी। जब यहां चैकिंग की गई तो जानकारी लगी। सीसीटीवी के आधार पर आरोपी कर्मचारी को हिरासत में ले लिया गया है।

विजय नगर टीआई रवीन्द्र गुर्जर के मुताबिक निर्मल सचेती निवासी यशवंत निवासी रोड एक दिन पहले उनके पास सीसीटीवी फुटेज लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि बिजनेस पार्क स्काय बिल्डिंग में तनिष्क ज्लेवरी का शोरूम है। यहां का कर्मचारी आशीष पुत्र मनोहर जाधव निवासी बक्षी गली 8 मई 2023 को बहाना बनाकर शोरूम से जल्दी घर चला गया था।

इसके बाद वह लगातार काम पर आ रहा था। 21 मई को शोरूम के स्टॉक चेक करने वाले कर्मचारियों ने जब स्टॉक चेक किया तो उसमें कान के दो आभूषण नकली मिले। इसके बाद पूरे शोरूम के आभूषण चेक किये। जिसमें 7 ज्वेलरी नकली पाई गई। इनकी कीमत लाखों रुपए में है।

बाद में सिक्योरिटी रूम में सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग दो दिनों तक चेक की गई। इसमें आशीष की भूमिका संदिग्ध मिली। पूछताछ में उसने कुछ नहीं बताया। जिसके बाद विजयनगर पुलिस ने सीसीटीवी देखने पर आशीष को हिरासत में लिया है। उसने चोरी कबूल की है।

# युवती ने की खुदकुशी, प्रेमी सहित सात पर प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बालदा कॉलोनी में रहने वाली 30 साल की एक युवती ने जहर खाकर अपनी जान दे दी थी। जान देने के पहले उसने एक सुसाइड नोट में अपने प्रेमी सहित सात लोगों को मौत का जिम्मेदार बताया। इस मामले में पुलिस ने सभी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में केस दर्ज किया है।

छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक रिया नगेले बुधवार को जहर खा लिया। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया था। यहां उपचार के दौरान रिया ने दम तोड़ दिया। रिया के पास मिले सुसाइड नोट के आधार पर निलांजन पटेल, विधान पटेल, लक्ष्मी पटेल, राजू पटेल, दर्शन पटेल, विधिका पटेल और भावना पटेल सभी निवासी बाल्दा कॉलोनी के खिलाफ 306 की धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक रिया नगेले के परिवार के बयान में पता चला था कि निलांजन और रिया तीन साल से ज्यादा समय से लिव इन में रह रहे थे। लेकिन वह उससे शादी नहीं कर रहा था। आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। इस दौरान निलांजन के परिवार के लोग भी रिया को प्रताड़ित करते थे। मामले में सुसाइड नोट में भी इस तरह की बातें लिखी हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

# चेकिंग देख भागा, ट्रक से टकराई कार, अवैध शराब मिली

**इंदौर**। सुपर कारिडोर पर यातायात पुलिस की चेकिंग देखकर कार चालक भागने लगा। भागने के चक्कर में ट्रक वाले से टकरा गया। पुलिस पहुंची तो चालक भाग गया। कार में शराब की पेटियां भरी थी। एरोड्रम पुलिस ने केस दर्ज किया है और कार को जब्त कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, ट्रैफिक एसीपी अजीतसिंह चौहान व उनकी टीम बुधवार रात गांधीनगर की तरफ जाने वाले रास्ते पर खड़े थे। कार (एमपी 20सीसी 1176) का चालक पुलिसकर्मियों को देखकर भागने लगा। जल्दबाजी में कार ट्रक से भीड़ गई। टक्कर की आवाज सुनकर पुलिसवाले पहुंचे तो कार का चालक गायब था। डिक्की में शराब की पेटियां भरी हुई थी। जब्त शराब की कीमत करीब 1 लाख 40 हजार रुपए है। मामले में पुलिस कार नंबर के आधार पर मालिक की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि उसके पकड़ाने के बाद ही पता चल सकेगा कि यह अवैध शराब किसकी है।

# रिश्तेदार को पांच लाख रुपए लौटाने से बचने भांजे ने रची लूट की कहानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चंदन नगर पुलिस ने बुधवार शाम इलाके में हुई एक 5 लाख की फर्जी लूट के मामले में खुलासा कर दिया है। युवक ने अपने रिश्तेदार को 5 लाख नहीं देने के चलते फर्जी कहानी रची थी। इसमें उसके दोस्त ने मदद की थी। पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो फर्जी लूट का राज खुल गया।

मामला ग्रीन पार्क कॉलोनी का है। यहां रहने वाला जावेद मोबाइल सिम कंपनी में काम करता है। जावेद ने बताया था कि शाम साढ़े सात बजे वह जैसे ही बस से उतारा नए गेट के यहां बाइक पर बैठे एक युवक ने उसके हाथ से 5 लाख रुपए से भरा हुआ बैग छुड़ा लिया और फरार हो गया। इसके बाद वह चंदन नगर थाने पहुंचा। यहां पूरी घटना बताई। टीआई सुनील शर्मा और एसआई विशाल यादव जावेद को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। यहां रुपए छीन कर भागने वाले युवक का हुलिया पूछा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किए। जिसमें इस तरह के युवक को इलाके में किसी ने देखने से इनकार कर दिया। वहीं सीसीटीवी में भी समय के हिसाब से वारदात होते नहीं दिखी। इस मामले में पुलिस ने जावेद पर शंका होने पर सख्ती से पूछताछ की। जिसमें उसने फर्जी लूट की कहानी गढऩा कबूल कर लिया। दरअसल जावेद को उसके रिश्तेदार अयूब ने प्लाट बेचने के बाद 5 लाख रुपए उधार दिए थे। मंगलवार को उसने कहा कि उसे रुपए की जरूरत है लाकर दे दे। इस पर जावेद ने धार से रुपए लाकर देने की बात कही। इस दौरान उसने अपने दोस्त को साथ लिया और रुपए लूटने की कहानी गढ़ दी। बाद में उसने अयूब को बताया कि उसके साथ लूट हो गई। रात में इस मामले में पुलिस ने जावेद और उसके दोस्त को हिरासत में लिया है।

# जिलाबदर बदमाश पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिलाबदर किए जाने के बाद भी बदमाश शहर में ही घूमता पाया गया। पुलिस ने बदमाश को घेराबंदी कर दबोच लिया। पलासिया पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी का नाम अमन उर्फ पारस बोरासी निवासी विनोबा नगर है। टीम को सूचना मिली थी कि एक जिलाबदर बदमाश संदिग्ध अवस्था में क्षेत्र में घूम रहा है। इंदौर पुलिस की ओर से आदतन अपराधियों एवं सक्रिय बदमाशों के विरूद्ध की चलाई जा रही कार्रवाई के तहत पुलिस टीम ने सूचना मिली थी कि आदतन बदमाश अमन उर्फ पारस इलाके में ही घूमता दिखाई दे रहा है। टीम ने मौके पर जाकर आरोपी को गिरफ्त में ले लिया। पुलिस ने बताया कि पलासिया क्षेत्र का यह बदमाश सूचीबद्ध है। इसके विरूद्ध मारपीट, चाकूबाजी, अवैध शस्त्र, जुआ एक्ट जैसी विभिन्न धाराओं के तहत पूर्व में ही 10 अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपी की आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए जिलाबदर किया गया था। उक्त जिलाबदर अवधि का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया गया। इसके विरूद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।